# राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर

## :: विज्ञप्ति ::

क्रमांक : 04/विविध/2020 दिनांक : 19.05.2020

माननीय पूर्णपीठ के संकल्प दिनांक 16.05.2020 की अनुपालना में कोरोना वाईरस (कोविड–19)संक्रमण के कारण वर्ष– 2020 में किसी भी न्यायिक अधिकारी को ग्रीष्मावकाश के उपभोग की अनुमति नहीं दी जायेगी तथा घोषित राजपत्रित अवकाश, रविवारीय अवकाश, द्वितीय शनिवार व चतुर्थ शनिवार के अवकाश के अतिरिक्त दिनांक 01 जून, 2020 से 28 जून, 2020 की अवधि में समस्त अधीनस्थ न्यायालय खुले रहेंगे एवं सिविल न्यायालय कैलेण्डर 2020 के अनुसार कार्य करेंगे।

सभी जिला एवं सेशन न्यायाधीश अपने न्याय क्षेत्र के उन न्यायालयों को जो अनन्यतः दीवानी कार्य कर रहे है,उन्हें उपरोक्त समयावधि के लिए सुनवाई एवं निस्तारण हेतु समुचित फौजदारी कार्य (अपील, रिवीजन तथा ऐसे अन्य मामले जो अंतिम बहस के प्रक्रम पर हो तथा जिनका उक्त अवधि में निस्तारण संभव हो) अंतरित करेंगे परन्तु माननीय सर्वोच्च न्यायालय, माननीय उच्च न्यायालय अथवा अन्य किसी वरिष्ठ अधिकारिता वाले न्यायालय से प्राप्त निर्देशों (Directions) के प्रकरण इस समयावधि में अंतरित नहीं किये जायेंगे।

समस्त जिला एवं सेशन न्यायाधीश दिनांक 11.07.2020 तक यह सूचना भिजवायेंगे कि उक्त अवधि में कुल कितने प्रकरणों का अंतरण किया गया तथा उन प्रकरणों में से इस समयावधि में कुल कितने प्रकरणों का, अन्तरण के अतिरिक्त अन्यथा निस्तारण हुआ।

आज्ञा से,

19.5.2020

(युधिष्ठिर शर्मा)
रजिस्ट्रार(प्रशासन)

क्रमांक : Gen/XII/05/2020/3203 दिनांकः 19.05.2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. रजिस्ट्रार जनरल, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, विधि एवं विधिक कार्य विभाग, जयपुर।
3. महालेखाकार, राजस्थान, जयपुर।
4. निदेशक, जनसम्पर्क कार्यालय, राजस्थान, जयपुर।

5. समस्त जिला एवं सेशन न्यायाधीशों को इस निर्देश के साथ कि वे इस विज्ञप्ति को अपने न्यायक्षेत्र के सभी संबंधित न्यायालयों/विशिष्ट न्यायालयों को वितरित करायेंगें।
6. अधीक्षक, राजकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर को राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशन हेतु।
7. समस्त रजिस्ट्रार, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर/जयपुर पीठ, जयपुर।
8. रजिस्ट्रार (वर्गीकरण), राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर को राजस्थान उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर तुरंत प्रभाव से अपलोड करने हेतु।
9. समस्त डिप्टी रजिस्ट्रार, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर/जयपुर पीठ, जयपुर।
10. प्रशासनिक अधिकारी (न्यायिक), स्थापन्न शाखा, (आर.जे.एस.) (अवकाश) अनुभाग, सामान्य अनुभाग, राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर ।

9.5.2020

रजिस्ट्रार (प्रशासन)

## "प्रारूप"

**न्यायक्षेत्र का नाम** ______________________________.

| क्र. स. | न्यायालय का नाम | दिनांक 01.06.20 से 28.06.20 के दौरान अन्तरित किये गये प्रकरणों की संख्या | दिनांक 01.06.20 से 28.06.20 के दौरान कुल निस्तारित किये गये प्रकरणों की संख्या | दिनांक 01.06.20 से 28.06.20 के दौरान अन्तरित किये गये प्रकरणों में से निस्तारित किये गयें प्रकरणों की संख्या | विशेष विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |